प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.02.2026/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल से शिमला में शुरू हो रहा है। सत्र की शुरूआत राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण से होगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज शिमला में पत्रकार वार्ता में बताया कि पहले चरण में सत्र की 3 बैठकें होंगी और अन्य बैठकों को लेकर बाद में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक विधायकों की ओर से विधानसभा सचिवालय को एक सौ 25 प्रश्न प्राप्त हुए हैं जिनमें से एक सौ 11 तारांकित और 14 लिखित प्रश्न शामिल हैं। बजट सत्र से पहले कल ही विधानसभा अध्यक्ष ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से सत्र के संचालन में रचनात्मक सहयोग की अपील की है।

विधायक दल

इस बीच बजट सत्र के दौरान रणनीति बनाने के लिए कल सुबह कांग्रेस और भाजपा विधायक दलों की अलग–अलग बैठकें होंगी। कांग्रेस विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। बैठक में कांग्रेस विधायक दल राजस्व घाटा अनुदान– आर.डी.जी. सहित अन्य मुद्दे पर सत्र के लिए अपनी रणनीति तैयार करेगा।

दूसरी ओर भाजपा विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे होगी। इसमें विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

भेंट

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने आज शिमला स्थित लोक भवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को कल से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने को औपचारिक रूप से आमंत्रित किया।

महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि का पर्व आज देश व प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। भगवान शिव के भक्तों के लिए सबसे पवित्र माने जाने वाले इस दिन उपवास, विशेष प्रार्थनाएं और मंदिरों में रात भर पूजा–अर्चना की जाती है। प्रदेश के सभी शिवालयों में सुबह से ही विशेष पूजा अर्चना की जा रही है और भगवान शिव के भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। भगवान भोलेनाथ की चार पहर की पूजा के साथ ही आज रात भर भजन–कीर्तन का कार्यक्रम जारी रहेगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोगों को शिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये पर्व लोगों के जीवन में खुशहाली और प्रसन्नता लाएगा।

मंडी–शिवरात्रि

उधर मण्डी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव कल से शुरू हो रहा है जो 22 फरवरी तक चलेगा। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे जबकि समापन अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल शिरकत करेंगे। इस वर्ष का मंडी शिवरात्रि महोत्सव ऐतिहासिक रूप से बहुत खास है, क्योंकि इस वर्ष इस महोत्सव के आयोजन के 5 सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस बार मेले में 2 सौ 16 से अधिक देवी–देवताओं को आमंत्रित किया गया है, जो सप्ताह भर मंडी में प्रवास करेंगे।

——